Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding implementation of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra-laid.

श्री रामदास तडस (वर्धा): माननीय केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुये निवेदन है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा लोकसभा के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य के अनुसार कार्य स्वीकृत हुये हैं लेकिन अनेक गावों /कस्बों का सड़क के माध्यम से पूर्ण रुप से जोड़ना आवश्यक है ।

मेरा आग्रह है कि जो गांव सडक के माध्यम से नही जुड पाये हैं ऐसे गांवों के सडक एवं पुलिया के कार्य विशेष रुप से अतिरिक्त तौर पर स्वीकृत करने का कष्ट करे, तथा पूर्व मे प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत पूर्ण किये गये कार्यो की जरुरी मरम्मत/सुधार के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से अथवा राज्य सरकार के माध्यम से जरुरी देखरेख नही हो पाती है । अतः इस मरम्मत/सुधार कार्य के लिए केन्द्र के माध्यम से आवश्यक निधि उपलब्ध कराने के लिए दिशा निर्देश जारी करे अथवा इन संबधित कार्यो को मरम्मत के लिए राज्य सरकार को सूचित करने का कष्ट करे ।